न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी श्रीमती नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 40/2024

उनवान

1. श्रीमती निर्मला देवी सोमाणी पत्नी श्री बालमुकुन्द सोमाणी नि0 मंगरोप हाल नि0 शास्त्री नगर भीलवाडा(राज.)

—प्रार्थी

बनाम

1. श्री छोटू सिंह पुत्र गोपाल सिंह राजपूत नि0 दलेल सिंह जी का खेडा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. भगवान सिंह पिता श्री बालूसिंह नि0 दलेल सिंह जी का खेडा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. नारायण पिता श्री मांगू बैरवा(चमार) नि0 रूपालिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. बालमुकुन्द पिता श्री रामबिलास सोमाणी नि0 मंगरोप हाल नि0 शास्त्रीनगर भीलवाडा(राज)
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 09.05.2024

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भॅू—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 26.03.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम दलेल सिंह जी का खेडा प.ह. आमलीगढ भू.अ.नि. मंगरोप तह हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 48 की आ.न. 236/1 रकबा 0.0759है0, आ.न. 236/2 रकबा 0.7587है0, आ.न. 237 रकबा 0.5311है0, आ.न. 318/236 रकबा 1.2645है0, आ.न. 323/236 रकबा 1.2645है0, आ.न. 331/236 रकबा 0.0253है0, कुल किता 06 रकबा 3.9200 है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 27.03.2024 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 लगायत 04 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम दलेल सिंह जी का खेडा प.ह. आमलीगढ भू.अ.नि. मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 48 की आ.न. 236/1 रकबा 0.0759है0, आ.न. 236/2 रकबा 0.7587है0, आ.न. 237 रकबा 0.5311है0, आ.न. 318/236 रकबा 1.[illegible] आ.न. 323/236 रकबा 1.2645है0, आ.न. 331/236 रकबा 0.0253है0, कुल किता 06 [illegible] 3.9[illegible] है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो [illegible] के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 1600/— पक्षकार प्रार्थी [illegible] में जमा कराये, साथ ही [illegible] फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार नि[illegible]रित कमिश्नर को भुगतान [illegible]

आदेश आज दिनांक 09.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Signature Not Verified
Digitally signed by Neha Chhipa
Date: 2025.07.01 15:33:03 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner